दिनांकः—03.11.2021 को निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य के 20 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) के साथ की गई विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः— यथा संधारित।

दिनांक—03.11.2021 को निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा विशेष सर्वेक्षण संचालित जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें निम्नांकित बिन्दुओं पर समीक्षा कर आवश्यक निदेश दिए गए। समीक्षा में अक्टूबर के चतुर्थ सप्ताह में प्राप्त MIS प्रतिवेदन निम्नवत् पाया गयाः—

**SPECIAL SURVEY 2021 :: DISTRICT REPORT : OCTOBER 4th WEEK** — **PHASE - 1**

| SL No. | | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Total Khesra | Tri-Junction Validation (Section 6, Rule 7(1)) (15%) | | Boundary Verification (Section 6, Rule 7(1)) (10%) | | Boundary Updated Map's Supply (10%) | | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule 7) (20%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (25%) | | Form-6 Entry in Software (15%) | | LPM & Form-7 Distribution (5%) | | RANK |
| District | | | | | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | |
| MUNGER | 6 | 18 | 324 | 110858 | 795 | 100.00% | 323 | 99.7% | 299 | 92.28% | 133 | 41.05% | 40 | 12.35% | 4046 | 1.22% | 28 | 8.642% | 1 |
| NALANDA | 9 | 17 | 416 | 667174 | 1239 | 100.00% | 402 | 96.9% | 388 | 93.5% | 81 | 19.52% | 6 | 1.45% | 5312 | 0.27% | 2 | 0.482% | 2 |
| SHEIKHPURA | 8 | 16 | 314 | 416343 | 957 | 100.00% | 254 | 80.9% | 182 | 57.96% | 105 | 33.44% | 29 | 9.24% | 14630 | 1.17% | 12 | 3.822% | 3 |
| W. CHAMPARAN | 4 | 11 | 388 | 367768 | 738 | 100.00% | 290 | 75.1% | 386 | 100.00% | 59 | 15.28% | 1 | 0.26% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 4 |
| BEGUSARAI | 10 | 18 | 440 | 364972 | 929 | 81.49% | 164 | 37.3% | 142 | 32.27% | 109 | 24.77% | 53 | 12.05% | 49208 | 4.49% | 24 | 5.455% | 5 |
| SUPAUL | 6 | 12 | 261 | 444029 | 550 | 83.71% | 84 | 33.5% | 62 | 24.7% | 37 | 14.74% | 27 | 10.76% | 67338 | 6.06% | 7 | 2.789% | 6 |
| MADHEPURA | 4 | 6 | 116 | 313675 | 203 | 100.00% | 62 | 53.9% | 26 | 22.6% | 1 | 0.87% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 7 |
| JAMUI | 3 | 8 | 166 | 123165 | 336 | 100.00% | 40 | 25.8% | 31 | 20.0% | 7 | 4.52% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 8 |
| SAHARSA | 3 | 6 | 130 | 417179 | 354 | 100.00% | 37 | 28.5% | 24 | 18.5% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 9 |
| LAKHISARAI | 6 | 18 | 412 | 351154 | 716 | 70.54% | 122 | 29.6% | 63 | 15.29% | 49 | 11.89% | 26 | 6.31% | 3911 | 0.37% | 24 | 5.825% | 10 |
| KATIHAR | 3 | 7 | 186 | 161231 | 599 | 100.00% | 35 | 18.9% | 16 | 8.6% | 5 | 2.70% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 11 |
| BANKA | 6 | 12 | 310 | 306780 | 378 | 58.42% | 30 | 9.7% | 5 | 1.6% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 12 |
| SHEOHAR | 3 | 5 | 80 | 200669 | 152 | 61.54% | 3 | 3.8% | 0 | 0.0% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 13 |
| PURNIA | 1 | 4 | 110 | 47865 | 119 | 53.85% | 9 | 8.2% | 5 | 4.55% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 14 |
| JEHANABAD | 4 | 10 | 263 | 297226 | 286 | 44.00% | 43 | 17.0% | 5 | 1.98% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 15 |
| SITAMARHI | 4 | 9 | 264 | 729956 | 235 | 39.17% | 11 | 4.3% | 3 | 1.18% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 16 |
| ARWAL | 6 | 18 | 318 | 332853 | 260 | 28.89% | 29 | 9.2% | 7 | 2.22% | 2 | 0.63% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 17 |
| ARARIA | 2 | 6 | 158 | 149037 | 267 | 27.99% | 15 | 9.6% | 6 | 3.85% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 18 |
| KHAGARIA | 4 | 7 | 163 | 93118 | 110 | 25.17% | 6 | 3.7% | 5 | 3.07% | 1 | 0.61% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 19 |
| KISHANGANJ | 4 | 17 | 469 | 441486 | 314 | 25.02% | 13 | 2.8% | 3 | 0.7% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 20 |
| **Total Count** | **89** | 208 | 5228 | 6336538 | **9537** | **70.0%** | **1972** | **32%** | 1658 | 25.2% | **589** | 8.50% | **182** | 2.62% | 144445 | 0.63% | **97** | 1.35% | |

**Best Performing Districts :**

| MUNGER | NALANDA | SHEIKHPURA |
|---|---|---|

**Least Performing Districts :**

| SITAMARHI | ARWAL | ARARIA | KHAGARIA | KISHANGANJ |
|---|---|---|---|---|

MIS से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निम्नांकित बिन्दुवार समीक्षा की गई जो निम्नवत हैः—

1. <u>त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा का निर्धारण एवं सत्यापन</u> :— बैठक में सर्वप्रथम MIS प्रतिवेदन के आधार पर त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन कार्य की समीक्षा की गई। प्रतिवेदन के अनुसार मुंगेर, नालंदा, शेखपुरा, पश्चिमी चम्पारण, बेगूसराय, सुपौल एवं लखीसराय को छोड़कर शेष जिलों की प्रगति अत्यंत असंतोषजनक पाई गई। प्रगति प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ कि त्रिसीमाना का सत्यापन किया गया है, किन्तु उसके परिप्रेक्ष्य में ग्रामों में सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जिस कारण किस्तवार के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। सुपौल के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विगत एक माह से हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा ETS एवं कार्यबल उपलब्ध नहीं कराया गया है, जबकि पूर्णियाँ, खगड़िया एवं किशनगंज के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बारिश से हुए जल—जमाव के कारण ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है।

बन्दोबस्त पदाधिकारियों यथा शेखपुरा, अरवल इत्यादि द्वारा बताया गया कि जिन ग्रामों की सीमा दूसरे जिला की सीमा के साथ सम्बद्ध है, उनमें वैसे जिले जहाँ विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण अनेक ग्रामों में सीमा सत्यापन का कार्य बाधित है। बैठक में त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन संबंधी दिए गए प्रतिवेदन में अंकित ग्रामों की संख्या MIS में प्रतिवेदित संख्या से अधिक पाई गई।

निदेशित किया गया कि MIS में संधारित किए जाने वाले प्रतिवेदन की समीक्षा स्वयं बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा जिला स्तर पर करने के पश्चात् ही उसे अंतिम रूप से वेबसाईट पर संधारित किया जाए। बैठक में उपस्थित GISC के प्रतिनिधि को एजेंसी की कार्यशैली में सुधार लाने के लिए स्पष्ट चेतावनी दी गई एवं बैठक में उपस्थित सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि को निदेशित किया गया एजेंसी द्वारा सभी जिलों में निर्बाध रूप से पर्याप्त संख्या में ETS मशीन एवं मानवबल उपलब्ध कराते हुए कार्यों को संचालित किया जाए। स्पष्ट रूप से बताया गया कि ग्रामों में त्रिसीमाना सत्यापन का कार्य इस तरीके से किया जाए ताकि ग्राम की संपूर्ण सीमा सत्यापित की जा सके। ग्राम सीमा सत्यापित ग्रामों में किस्तवार का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर खानापुरी का कार्य प्रारंभ किया जाए।

2. **<u>हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा मानचित्र आपूर्ति की समीक्षा</u>** :– बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किस्तवार अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं की जा रही है। जिस कारण खानापुरी का कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। सहरसा, पश्चिम चम्पारण द्वारा बताया गया कि विगत् एक–दो महीने से GISC एजेंसी द्वारा किस्तवार अपडेटेड मानचित्र की आपूर्ति नहीं की गई है। जहानाबाद द्वारा बताया गया कि IIC एजेंसी को उपलब्ध कराए गए 32 मानचित्रों के विरूद्ध एजेंसी द्वारा मात्र 16 मानचित्र अपडेट कर किस्तवार हेतु उपलब्ध कराए गए हैं। पश्चिम चम्पारण द्वारा बताया गया कि एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए 06 खानापुरी मानचित्रों में 04 त्रुटिपूर्ण है।

बैठक में उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निदेशित किया गया कि किस्तवार/खानापुरी अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय की जाए अन्यथा बाध्य होकर अनुपातिक रूप से राशि के कटौती की बाध्यता होगी। साथ ही जिलों में गठित विशेष सर्वेक्षण शिविरों की संख्या को ध्यान में रखकर आनुपातिक रूप से ETS मशीन एवं कर्मी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एजेंसियों को उनसे संबंधित प्रतिदिन की प्रत्येक सप्ताह अपडेट करने का निदेश दिया गया।

3. **<u>किस्तवार कार्यों की समीक्षा</u>**:– MIS से प्राप्त प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ कि अक्टूबर के अंत तक मात्र 589 ग्रामों में किस्तवार का कार्य किया गया है, जबकि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा अब तक 1662 मानचित्रों की आपूर्ति की जा चुकी है। स्पष्ट है कि किस्तवार कार्य को पूर्ण किए जाने की गति अत्यंत धीमी है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा ग्राम सीमा सत्यापित मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं करने तथा अनेक ग्रामों में जलजमाव होने के कारण किस्तवार का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

निदेशित किया गया कि समयबद्ध कार्यक्रम होने के कारण जिन ग्रामों में त्रि–सीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं नक्शा प्राप्त है, वैसे सभी ग्रामों में किस्तवार का कार्य प्रारंभ कर यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि खानापुरी कार्य ससमय पूर्ण किया जा सके।

4. <u>**खानापुरी कार्यों की समीक्षा**</u> :– समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अब तक मात्र 07 जिलों में खानापुरी का कार्य प्रारंभ किया गया है एवं सिर्फ 06 जिलों में L.P.M वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। विभिन्न जिलों में चल रहे किस्तवार कार्य की प्रगति को देखते हुए खानापुरी कार्य की प्रगति नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया गया। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा किस्तवार अपडेटेड मानचित्र की आपूर्ति ससमय नहीं किए जाने के कारण खानापुरी का कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है।

निदेश दिया गया कि आगामी एक पक्ष के अन्दर सभी जिलों में जिसमें खानापुरी हेतु एजेंसी से मानचित्र प्राप्त है। खानापुरी का कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जाए। जिन जिलों में खानापुरी का काम किया जा रहा है, वहाँ शीघ्रता के साथ कार्य पूर्ण कर L.P.M का वितरण कराया जाए तथा जिन ग्रामों में L.P.M वितरण का कार्य किया जा चुका है। समीक्षा कर किसी भी परिस्थिति में नवंबर, 2021 में 10 राजस्व ग्रामों और दिसंबर, 2021 तक कम–से–कम 50 राजस्व ग्रामों में सुनवाई का कार्य पूर्ण कर अंतिम प्रकाशन करना सुनिश्चित किया जाए।

4. <u>**खतियानी विवरणी का लेखन**</u> :– खतियानी विवरणी (प्रपत्र–5) लेखन की समीक्षा के क्रम में स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया कि MIS प्रतिवेदन में खेसरों की संख्या के साथ–साथ ग्रामों की संख्या प्रतिवेदित की जाए। जहाँ प्रपत्र–5 का लेखन पूर्ण हो चुका है। साथ ही जो भी बचे हुए ग्राम हैं, उनके लेखन एवं सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग का कार्य 01 माह के अंदर पूर्ण कर लिया जाए। खगड़िया द्वारा बताया गया कि कुल 108 ग्रामों में से मात्र 40 का ही खतियान उपलब्ध है, जिसके लेखन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निदेश दिया गया कि अनुपलब्ध खतियान के संबंध में पूर्व में निदेशालय से निर्गत निदेश के अनुपालन में अग्रेतर कार्रवाई की जाए।

5. <u>द्वितीय चरण के लिए चयनित अंचलों की समीक्षा</u> :–

**SPECIAL SURVEY 2021 :: DISTRICT REPORT : OCTOBER 4th WEEK** — **PHASE - 2**

| SL No. | | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | | 8 | | 9 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Anchal | Total Shivir | Total Mauza | Total Khesra | Village Tagging (20%) | | Public Awareness (10%) | | List of Govt. and Settled Land (10%) | | Khatiyan & Map Availability (10%) | | Gram Sabha (As per Technical Guideline) (10%) | | Form-1 Upload in Software (10%) | | Form-2 &3[1] Upload in Software (5%) | | Khatiyan Writing (Rule 9[1]) (10%) | | Form-5 Software Entry (15%) | | RANK |
| District | | | | | A.COUNT | % | A.COUNT | % | A.COUNT | % | A.COUNT | % | A.COUNT | % | A.COUNT | % | A.COUNT | % | A.COUNT | % | A.COUNT | % | |
| SHEOHAR | 2 | 5 | 116 | 199792 | 116 | 100% | 1.0 | 100% | 0.97 | 97% | 0.98 | 98.4% | 116 | 100% | 116 | 100% | 10808 | 21.64% | 199792 | 100.00% | 186414 | 93.30% | 1 |
| LAKHISARAI | 2 | 3 | 53 | 65366 | 53 | 100% | 0.9 | 90% | 0.80 | 80% | 0.99 | 99.1% | 53 | 100% | 53 | 100% | 3628 | 22.20% | 64031 | 97.96% | 59187 | 90.55% | 2 |
| W.CHAMPARAN | 5 | 11 | 319 | 281362 | 319 | 100% | 0.9 | 90% | 0.90 | 90% | 1.00 | 99.7% | 319 | 100% | 319 | 100% | 9311 | 13.24% | 281362 | 100.00% | 232012 | 82.46% | 3 |
| BANKA | 6 | 12 | 361 | 121923 | 361 | 100% | 1.0 | 100% | 0.55 | 55% | 0.68 | 67.9% | 361 | 100% | 361 | 100% | 269 | 0.88% | 121923 | 100.00% | 101348 | 83.12% | 4 |
| JEHANABAD | 3 | 12 | 331 | 281455 | 331 | 100% | 0.6 | 60% | 0.95 | 95% | 0.79 | 79.0% | 296 | 89% | 298 | 90% | 20587 | 29.26% | 281455 | 100.00% | 203199 | 72.20% | 5 |
| KISHANGANJ | 3 | 14 | 311 | 415125 | 311 | 100% | 0.9 | 90% | 0.75 | 75% | 0.85 | 84.9% | 294 | 94.5% | 294 | 95% | 320 | 0.31% | 415125 | 100.00% | 256269 | 61.73% | 6 |
| KATIHAR | 3 | 7 | 173 | 184096 | 173 | 100% | 0.9 | 90% | 0.80 | 80% | 1.00 | 99.7% | 151 | 87% | 172 | 99% | 1074 | 2.33% | 184096 | 100.00% | 69144 | 37.56% | 7 |
| JAMUI | 7 | 6 | 148 | 148723 | 148 | 100% | 1.0 | 100% | 0.50 | 50% | 0.89 | 89.1% | 148 | 100% | 148 | 100% | 64 | 0.17% | 148723 | 100.00% | 30152 | 20.27% | 8 |
| SITAMARHI | 5 | 9 | 165 | 525350 | 165 | 100% | 0.7 | 70% | 0.65 | 65% | 0.79 | 79.0% | 165 | 100% | 165 | 100% | 4 | 0.00% | 525350 | 100.00% | 179341 | 34.14% | 9 |
| MUNGER | 4 | 20 | 469 | 124636 | 450 | 96% | 0.7 | 70% | 0.70 | 70% | 0.73 | 72.5% | 298 | 64% | 456 | 97% | 4472 | 14.35% | 113260 | 90.87% | 32992 | 26.47% | 10 |
| NALANDA | 7 | 17 | 394 | 641309 | 394 | 100% | 0.5 | 50% | 0.52 | 52% | 0.57 | 56.7% | 13 | 3% | 393 | 100% | 45 | 0.03% | 641309 | 100.00% | 327278 | 51.03% | 11 |
| SAHARSA | 7 | 4 | 85 | 160754 | 85 | 100% | 0.5 | 50% | 0.50 | 50% | 0.28 | 27.8% | 85 | 100% | 85 | 100% | 0 | 0.00% | 160754 | 100.00% | 6328 | 3.94% | 12 |
| KHAGARIA | 3 | 6 | 108 | 108613 | 108 | 100% | 0.5 | 50% | 0.50 | 50% | 0.76 | 75.6% | 63 | 58% | 107 | 99% | 636 | 2.34% | 23209 | 21.37% | 22177 | 20.42% | 13 |
| BEGUSARAI | 8 | 27 | 498 | 270200 | 498 | 100% | 0.5 | 50% | 0.50 | 50% | 0.22 | 21.5% | 214 | 43% | 498 | 100% | 0 | 0.00% | 236414 | 87.50% | 40099 | 14.84% | 14 |
| MADHEPURA | 9 | 5 | 172 | 337623 | 47 | 27% | 0.5 | 50% | 0.60 | 60% | 1.00 | 100.0% | 53 | 31% | 201 | 117% | 6573 | 7.79% | 337623 | 100.00% | 60933 | 18.05% | 15 |
| SUPAUL | 6 | 13 | 297 | 522452 | 297 | 100% | 0.0 | 0% | 0.90 | 90% | 0.64 | 63.9% | 0 | 0% | 233 | 78% | 0 | 0.00% | 297909 | 57.02% | 74235 | 14.21% | 16 |
| PURNIA | 3 | 3 | 81 | 173377 | 81 | 100% | 0.5 | 50% | 0.44 | 44% | 0.00 | 0.0% | 0 | 0% | 54 | 67% | 0 | 0.00% | 32565 | 18.78% | 14970 | 8.63% | 17 |
| ARARIA | 7 | 23 | 587 | 284622 | 178 | 30% | 0.0 | 0% | 0.48 | 48% | 0.92 | 92.4% | 4 | 1% | 116 | 20% | 255 | 0.36% | 254133 | 89.29% | 63833 | 22.43% | 18 |
| Total Count | 90 | 197 | 4668 | 4846778 | 4115 | 92% | 12 | 64% | 12 | 67% | 13 | 72.6% | 2633 | 65% | 4069 | 92.3% | 58046 | 6.38% | 4319036 | 86.82% | 1959911 | 41.96% | |

**Best Performing Districts :**

| | | |
|---|---|---|
| SHEOHAR | LAKHISARAI | W. CHAMPARAN |

**Least Performing Districts :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| BEGUSARAI | MADHEPURA | SUPAUL | PURNIA | ARARIA |

विशेष सर्वेक्षण कार्य के द्वितीय चरण में MIS प्रतिवेदन से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में कार्य आ करने के लिए 20 जिलों के शेष अंचलों में विशेष सर्वेक्षण शिविर गठित करने की समीक्षा के क्रम में स्पष्ट हुआ कि अभी तक पश्चिम चम्पारण, बांका, कटिहार, जमुई, सीतामढ़ी तथा नालंदा में सभी शेष अंचलों में शिविर का गठन नहीं किया गया है। नालंदा के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि द्वितीय चरण में सभी अंचलों को ले लिया गया है, जबकि कटिहार, पूर्णियाँ, बेगूसराय द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले अंचलों को छोड़कर शेष सभी अंचलों में शिविर का गठन कर दिया गया है। बांका, सीतामढ़ी एवं खगड़िया द्वारा बताया गया कि पंचायत चुनाव पश्चात् सभी शेष अंचलों में शिविर गठित कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्रतिबंधित क्षेत्र वाले अंचलों में HSRI तकनीक से मानचित्र निर्माण के संबंध में एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले कार्य के संबंध में IIC एजेंसी द्वारा बताया गया कि HSRI तकनीक से मानचित्र निर्माण के लिए निर्धारित दर के संबंध में निदेशालय स्तर से स्पष्ट निदेश प्राप्त नहीं हुआ है। खगड़िया के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा MIS Entry में तथा नालंदा द्वारा R2R सॉफ्टवेयर में आ रही समस्याओं के बारे में बताया गया। खगड़िया द्वारा MIS में अमीन टैगिंग की समस्या बताई गई, जबकि नालंदा द्वारा बताया गया कि R2R में नया नाम जोड़ने पर पुराना के Delete नहीं होने की समस्या आ रही है।

सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि प्रथम चरण के चयनित जिलों के सभी अंचलों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः प्रत्येक दशा में जिलों के शेष सभी अंचलों में विशेष सर्वेक्षण शिविर गठित करना सुनिश्चित किया जाए। HSRI तकनीक से मानचित्र निर्माण के लिए हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को निदेशालय से पूर्व में निदेश दिया जा चुका है। वे तत्काल प्रतिबंधित क्षेत्रों में भी मानचित्र निर्माण का कार्य प्रारंभ करें। सॉफ्टवेयर में आ रही समस्याओं के संबंध में बैठक में उपस्थित आई0टी0 सेल के प्रभारी एवं प्रोग्रामर को निदेश दिया गया कि जिलों से इस संबंध में बात कर सॉफ्टवेयर की सभी समस्याओं को दूर कर दिया जाए।

**6. <u>अन्यान्य</u>** :– बैठक में उपस्थित वैसे जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी जिनके यहाँ सुनवाई का कार्य प्रगति में है, द्वारा बताया गया कि सुनवाई की प्रक्रिया में अनेक प्रकार की समस्याएँ आ रही हैं। जिन पर आवश्यक दिशा निर्देश की आवश्यकता है। प्रतिवेदित किया गया कि वैसी भूमि जो विगत खतियान के अनुसार गैर–मजरूआ मालिक है और कैडेस्ट्रल सर्वे में अवैध दखल अंकित है तथा उसी परिवार के दखल में आज भी भूमि है। अनेक रैयतों द्वारा रैयती प्रकृति की भूमि के स्वामित्व के संबंध में कोई कागजात नहीं दिया जा रहा है, जबकि भूमि उनके शांतिपूर्ण दखल में है। उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारियों को बताया गया कि खेसरा पंजी (प्रपत्र–6) के ऑनलाईन अवलोकन से यह तथ्य स्पष्ट हुआ है कि अनेक रैयतों की भूमि का अंश अलग–अलग निर्धारित कर दिया जा रहा है, जबकि अमीन को किसी परिवार की भूमि को अंशवार विभाजन करने का अधिकार नहीं है। उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि अनेक स्थानों पर रैयतों द्वारा दबाव दिए जाने के कारण कुछ अमीनों द्वारा ऐसी प्रविष्टि की गई है। नालंदा के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एक ग्राम के मानचित्र के चार चादरों (Sheet) में प्लॉट का नम्बर अंकित नहीं है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण से संबंधित सभी प्रकार के कार्य कम्प्यूटर आधारित हैं और बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अलग से मोबाईल एवं लैपटॉप की आपूर्ति नहीं की गई है। अतः आवश्यक है कि स्थापना, अनुश्रवण, ऑनलाईन प्रतिवेदन इत्यादि कार्यों के सुगम निष्पादन के लिए बन्दोबस्त पदाधिकारियों को स्वतंत्र मोबाईल एवं लैपटॉप की आपूर्ति की जाए।

बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा उठाई गई इन समस्याओं के संबंध में निदेशित किया गया कि निदेशालय स्तर पर इस संबंध में बैठक कर समस्याओं का निदान किया जाए और यदि आवश्यक हो तो एक कमिटी के गठन का सुझाव समर्पित किया जाए और क्षेत्र से प्राप्त होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं के निदान के लिए कमिटी की नियमित बैठक की जाए।

निदेशक, 19/11/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः**17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......4202......**पटना, दिनांक** :–19-11-2021

**प्रतिलिपिः**– सभी संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी–सह–अप समाहर्त्ता / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......4202......**पटना, दिनांक** :–19-11-2021

**प्रतिलिपिः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / एल0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......4202......**पटना, दिनांक** :–19-11-2021

**प्रतिलिपिः**– सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019......4202......**पटना, दिनांक** :–19-11-2021

**प्रतिलिपिः**– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......4202......**पटना, दिनांक** :–19-11-2021

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक, 19/11/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप